PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीमंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए | विशेषांक | E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 4 » जयपुर: 23 सितंबर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 » RNI No : RJHIN/2002/9810 » वार्षिक सहयोग 500 रूपए

एनसीसी कैडेट्स की राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका : उपमुख्यमंत्री पीसी बैरवा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के अतिरिक्त महानिदेशक, उपमहानिदेशकों एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में शिरकत की। बैठक में एनसीसी के वर्तमान कार्यक्रमों की प्रगति, आगामी राष्ट्रीय शिविरों की योजना, कैडेटों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा संगठन के समग्र विकास हेतु नवीन रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के उपायों पर भी गहन विचार-विमर्श होना चाहिए।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन मंत्री ने किया पौधारोपण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने दिवंगत ललिता देवी की स्मृति में उनके परिजनों के साथ अलवर जिले के कालाकुआं सार्वजनिक पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। उन्होंने अभियान के तहत पौधारोपण कर ललिता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचे : शासन सचिव

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने जयपुर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित उपनिदेशक आईसीडीएस कार्यालय, उपनिदेशक निदेशक, महिला अधिकारिता कार्यालय का निरीक्षण किया। शासन सचिव ने उक्त बैठक में निर्देश दिये कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग की महिलाओं और बालक एवं बालिकाओं मिले। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गरीब और कमजोर वर्ग की महिलाओंए बालिकाओं तथा बच्चों को लक्षित योजनाएं संचालित हैं। ऐसे में अधिकारियों द्वारा पूर्ण पारदर्शिता और सेवाभाव से कार्य किये जाने चाहिए। शासन सचिव को उप निदेशक महिला अधिकारिता डॉ राजेश डोगीवल द्वारा जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निदेशक राजेश डोगीवाल ने महिला अधिकारिता द्वारा संचालित योजनाओं तथा उनसे महिलाओं और बालिकाओं को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई। शासन सचिव ने अधिकारियों से विभाग द्वारा संचालित महिला हेल्पलाईन 181 केंद्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर अपराजिता केंद्र द्वारा महिलाओं को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली।

महावीर पब्लिक स्कूल में सामूहिक क्षमापन पर्व समारोह

क्षमा से होती है आत्मा की शुद्धि, जैन धर्म में वैश्विक शांति-सद्भाव का संदेश

मुख्यमंत्री : जन कल्याणकारी कार्यों में जैन समाज अग्रणी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गलती होना स्वाभाविक है लेकिन उस गलती को स्वीकार करते हुए क्षमा मांग लेना बहुत बड़ा मानवीय गुण है और सामने वाले को क्षमा करना उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि क्षमा मांगने से कटुता और द्वेष-भाव समाप्त हो जाता है जिससे समाज में शांति एवं सद्भाव का मार्ग प्रशस्त होता है। शर्मा रविवार को जयपुर में महावीर पब्लिक स्कूल में राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित सामूहिक क्षमापन पर्व समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे आत्मिक शुद्धिकरण का पर्व होने के साथ-साथ समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण भी करवाता है। जैन धर्म में क्षमा याचना का बहुत महत्व है। क्षमा याचना से आत्म-शुद्धि होती है जिससे संबंधों में सुधार होता है और मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक विकास होता है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने क्षमा को सबसे महत्वपूर्ण बताया और जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने पूरे विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश दिया है। क्षमा ही सबसे बड़ा आभूषण है। इस अवसर पर शर्मा ने लोहारुकारण दत्त के 32 एवं 16 उपवास, दशलक्षण पर्व के 10 उपवास करने वाले त्यागी वृत्तियों का सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज धार्मिक, सामाजिक और लोक कल्याण के कार्यों में विशेष पहचान रखता है। शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य तथा गरीब-जरूरतमंदों की सहायता में जैन समाज सदैव अग्रणी रहा है। जैन समाज के अनेक ट्रस्ट और संगठन प्रदेश के विभिन्न अंचलों में अस्पताल, स्कूल और धर्मशालाओं का संचालन कर हर वर्ग के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर जैन छात्रावास के लिए जमीन आवंटन करने का सकारात्मक आश्वासन भी दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर संतों-मुनियों का सदैव स्वागत है।

दशलक्षण पर्व शांति की नींव : शर्मा ने कहा कि जैन धर्म का दशलक्षण पर्व मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह पर्व न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाता है, बल्कि सामाजिक सामंजस्य और शांति की भी नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इन गुणों का अनुकरण कर हम न केवल अपने जीवन को शुद्ध कर सकते हैं, बल्कि समाज को भी सुखी और समृद्ध बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की सत्यए अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय की शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। अहिंसा का सिद्धांत शारीरिक, मानसिक और वाचिक हिंसा से दूर रहने की प्रेरणा देता है।

ऋषि-मुनि समाज के पथ-प्रदर्शक : मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों और ऋषि-मुनियों ने देश की गौरवशाली संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षित रखने का महती कार्य किया है। मुनियों ने समाज को रास्ता दिखाया और देश की प्रगति में उनका योगदान अप्रतिम है। शर्मा ने कहा कि जैन समाज के मुनि देश भर में भ्रमण कर समाज को आध्यात्मिक रूप से मजबूत कर रहे हैं।

हमारे मुख्यमंत्री हैं सेवाभावी : मुनि शशांक सागर, पावन सागर एवं समत्व सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री शर्मा के व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उनकी सादगी-सहृदयता की सराहना की। साथ ही, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेवाभावी हैं, ये नाम और काम दोनों से झलकता है। इस अवसर पर मुनि सुभद्र सागर, अर्चित सागर, शील सागर एवं संदेश सागर भी उपस्थित रहे। समारोह में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ जयपुर बेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

कहानी दिवस पर राज्य परियोजना निदेशक ने किया विद्यार्थियों से संवाद

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रखर राजस्थान अभियान के अन्तर्गत कहानी दिवस के अवसर पर राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने पीएम राजकीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर में आकस्मिक पहुंच कर शौचलय, स्टोर, म्यूजिक रूम, पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा कक्ष आदि का अवलोकन कर अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों से कहानियां सुनी तथा प्रेरक वृतांत सुनाए। साथ ही, उन्होंने छोटी कक्षा के विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं संघर्ष की कहानी भी सुनाई। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम से हटकर कथा-कहानियों की पुस्तकों को पढ़ने में रूचि रखनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों की रोलनों में रूचि, मोबाइल में देखे जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली। विद्यार्थियों से हिन्दी भाषा के शब्दों के अर्थ तथा जलीय जीवों के नाम पूछे।

राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् अधिवेशन एवं नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

मानवीय संवेदनाओं के साथ जनता की अपेक्षाओं को करें पूरा

अग्रणी राजस्थान के लिए अधिकारियों की जवाबदेही जरूरी : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन की सेवा में प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए प्रभावी प्रशासन की आवश्यकता होती है। हम सभी को मिलकर एक सशक्त और अग्रणी राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ना है और इसके लिए अधिकारियों का जवाबदेह होना बहुत जरूरी है। कार्यों के प्रति उत्तरदायी होने से हमें प्रेरणा मिलती और हमारे काम की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। शर्मा राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् के अधिवेशन एवं नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी इस सेवा को एक नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए अपने अनुभवों को साझा करने, नए विचारों का आदान-प्रदान करने एवं नए प्रशासनिक प्रयासों को दिशा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

हमारी सरकार में नहीं अधिकारियों के प्रति पूर्वाग्रह, पूर्ववर्ती सरकार ने लिए अविवेकपूर्ण निर्णय : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन सरकार और जनता को जोड़ने वाली अहम कड़ी है। लोकसेवकों के साथ जुड़ाव एवं विश्वास होने से आमजन अभाव में उनके पास आते हैं। इसलिए प्रशासनिक कार्यों में कुशलता एवं मानवीय संवेदनाओं के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। हमारी सरकार में बिना किसी पूर्वाग्रह एवं भेदभाव के अधिकारियों के मूल्यांकन का आधार सिर्फ काम के प्रति समर्पण एवं जनता के प्रति जवाबदेही एवं ईमानदारी है। ईश्वर ने हमें जनता की सेवा का मौका दिया है इसलिए जनकल्याण के लिए हर परिस्थिति में आगे रहें। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अविवेकपूर्णता के साथ अनावश्यक रूप से बिना संसाधनों के प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना के निर्णय लिए। शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में नीतियों और योजनाओं को लागू करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में उपखण्ड व अतिरिक्त जिला कलक्टर स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में दौरे कर पुराने प्रकरणों का निस्तारण करने की दिशा में पहल करनी चाहिए।

राज्य सरकार का पहला साल बिजली और पानी के लिए समर्पित : मुख्यमंत्री ने कहा कि हर राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी मूलभूत आवश्यकता है इसलिए राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल का पहला वर्ष बिजली और पानी के लिए समर्पित किया है। बिजली और पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे तो राज्य में कृषि और उद्योगों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने लगभग 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के एमओयू किए हैं। आने वाले समय में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनेगा। साथ ही, पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ईआरसीपीए यमुना जल समझौता और देवास परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों और निर्णयों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राजस्थान से बनेगा विकसित भारत : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में विकसित राजस्थान भी एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। विकसित राजस्थान से ही विकसित भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिनरल्स, पर्यटन तथा ऑटो मोबाइल सहित कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार इन क्षेत्रों में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। इसी दिशा में 9 से 11 दिसम्बर तक राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी प्रियंका बिश्नोई के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले श्री शर्मा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों को सम्मानित किया।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी लक्ष्यों को पूरा करने में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जो जन नेता और जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास की मूल भावना के साथ कार्मिकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद् के नव नियुक्त अध्यक्ष महावीर खराड़ी, निवर्तमान अध्यक्ष औरूण बजाड़, नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण एवं परिषद् के सदस्यों के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं पूर्व अधिकारी उपस्थित रहे।

नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस-2024

स्वस्थ और सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण

मीडिया की भूमिका

26 से 30 सितंबर तक रहेगी कॉन्फ्रेंस

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मीडिया विंग राजयोग एजूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन और प्रजापति ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में माउंट आबू के आनंद सरोवर में 26 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन किया जा रहा है। स्वस्थ और सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर विभिन्न व्याख्यान और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

26 सितंबर को राजयोग मेडीटेशन इन डेली लाईफ पर इन्ट्रोडक्शन, 27 सितंबर को स्वस्थ और सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया का रोल विषय पर व्याख्या सहित विभिन्न कार्यक्रमों के बाद शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

28 सितंबर को पोजिटीव और नेगेटिव इाइमेंशन ऑफ सोशल मीडिया सहित टॉक शॉ, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

29 सितंबर को व आर्ट एण्ड साईंस राजयोग और साईट सीन का कार्यक्रम होगा। 30 सितंबर को राजयोग मेडीटेशन सेशन 5 के साथ प्रस्थान रहेगा। इस तरह से पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से मीडिया बंधु उपस्थित होगें और अपने विचार प्रकट करेंगे साथ ही कॉन्फ्रेंस में मीडिया की भूमिका से परिचित होगें।

सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा विभाग भर्ती 2023,

आयोग ने जारी की मिलिट्री साइंस विषय की साक्षात्कार दिनांक

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अन्तर्गत मिलिट्री साइंस विषय के 1 पद हेतु साक्षात्कार का आयोजन 30 सितंबर 2024 को किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लांए अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषय पर कार्यशाला

देश को सही अर्थों में आगे ले जाएगी नई शिक्षा निति

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नई शिक्षा नीति राष्ट्र को सही अर्थों में विकास के पथ पर अग्रसर करेगी। भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया है, नई शिक्षा नीति इस उद्देश्य पर खरी उतरेगी। नई शिक्षा नीति सच्चे अर्थों में भारतीय जनमानस, नवीन विद्या पद्धतियों एवं विपुल भारतीय ज्ञान पद्धति का प्रतिनिधित्व करती है। वासुदेव देवनानी ने महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2014 में केन्द्र की सशक्त सरकार का गठन हुआ। ऐसी सरकार जो विचारधारा की दृष्टि से प्राचीन भारतीय जीवन मूल्यों, आदर्शों परम्पराओं एवं प्रथाओं के साथ-साथ भारत को भारत माता मानने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के उपरान्त प्रारम्भ से ही शिक्षा व्यवस्थाओं में बदलाव अपेक्षित था। अंग्रेजों के शासन के लगभग 200 वर्षों के दौरान शिक्षा व्यवस्था में जो विचारधारा विकसित हो चुकी थी, उसमें बदलाव अपेक्षित, प्रासंगिक, सामयिक एवं आवश्यक था। नवीन शिक्षा नीति को लागू करने से पूर्व शैक्षिक स्तर पर, आमजन के स्तर पर, शिक्षण संस्थाओं में सुझाव आमंत्रित किए गए थे एवं उन सभी सुझावों को ध्यान में रखकर यह लागू की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान बौद्धिक कौशल एवं व्यक्तित्व निर्माण के केन्द्र होते हैं। शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थान भारत केन्द्रित, विद्यार्थी केन्द्रित, तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक अवधारणाओं से युक्त ज्ञान का प्रचार प्रसार करेंगे। उसी से भारतीय ज्ञान परम्परा का पुनर्स्थापन होगा एवं राष्ट्रीय पुनरूत्थान के लिए भारत को व्हेज़र्ल ऑफलॉनेज़ के रूप में स्थापित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति की मंशा श्रेष्ठ पाठ्यक्रम, श्रेष्ठ शिक्षक और श्रेष्ठ शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है इसके लिए शिक्षण संस्थान सुगम, सरल और ग्राह्य पाठ्यक्रम का संचालन करें जो कि जीवनोपयोगी हो। आज खेल और खेल मैदान, विज्ञान और कम्प्यूटर की प्रयोगशालाएं, वाद-विवाद और विचार विमर्श की प्रक्रियाऐं तथा एनसीसी, एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजनाइ, स्काउटिंग एवं अन्य सह शैक्षिक गतिविधियों राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रम में बहुत महत्वपूर्ण है। इन समस्त गतिविधियों का संधारण और संचालन शिक्षण संस्थानों का महत्वपूर्ण दायित्व है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक उत्कृष्ट दस्तावेज है जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को बौद्धिक एवं कार्य व्यवहार की दृष्टि से भारतीय बनाना है।

प्रमुख शासन सचिव ने की मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा

मेडिकल टीमों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिलेवार होगी समीक्षा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए मेडिकल टीमों की संख्या और बढ़ाई जाएगी एवं इनके कार्यों की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। साथ ही, सुपरवाइजरी स्टॉफद्वारा टीमों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सचिवालय स्थित अपने कक्ष में मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एलएचवी, सीएचओ, आशा कॉर्डिनेटर, बीपीएम, चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डीपीएम, डीएनओ, आरसीएचओ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मिशन मोड में काम करें। साथ हीए प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।

कन्ट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों का 24 घंटे में करना होगा निस्तारण : राठौड़ ने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों के लिए नियंत्रण कक्ष को और सुदृढ़ बनाया जाए। निदेशालय स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम 0141-2225624 में समस्त जिलों से प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों का इन्द्राज कर 24 घण्टे में उनका निस्तारण किया जाए।

सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

नोवल डिसिल्वा
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -
संपादक, परिष्कार पत्रिका,
बांद ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796, 9351311820
G-mail:parishkar patrika@gmail.com
खास खबरें वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आवड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern
सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उन्या शर्मा
डिसिप्लन
सदाचार उच्च मा विद्यालय

सम्पादकीय

सबसे महत्त्वपूर्ण तो है पहला कदम ।

अधिकांश लोग आने वाली बाधाओं की कल्पना से डरकर काम की शुरुआत करने में ही झिझकते हैं। यह एक ऐसी कहानी है जिसे मैं अपने जीवन के कभी नहीं भूल सकता। एक बार की बात है। एक विद्वान राजा कृष्णदेव राय के दरबार में आया और उसने दरबारियों के सामने कपड़े से ढंका एक पात्र रखा दिया। फिर उसने दरबारियों को चुनौती दी कि आप बताएं कि इस पात्र में क्या है? प्रत्येक दरबारी दुविधा में पड़ गया। किसी के भी मुंह से एक शब्द नहीं निकला। हर दरबारी विद्वान की उस चुनौती से डर गया और चुनौती का सामना करने के लिए आगे नहीं आया। अंत में दरबार में उपस्थित तेनालीरामन लोकप्रिय नाम तेनालीराम ने हिम्मत दिखाई और कपड़े से ढंके पात्र के ऊपर से कपड़ा हटा दिया और फिर जवाब दिया कि उस पात्र में तो कुछ भी नहीं है। तेनालीरमन के ये शब्द सुनकर विद्वान बोला आपने पात्र का कपड़ा खोलकर उतर दिया है, जो नियम विरुद्ध है। तेनालीरमन ने हाजिरजवाबी के साथ कहा कि आपने शुरुआत में ऐसा कोई नियम नहीं बताया था। विद्वान व्यक्ति के पास इसका कोई जवाब नहीं था। अतः वह सिर झुकाकर दरबार से बाहर चला गया। हममें से ज्यादातर लोग भी उस दरबार में उपस्थित दरबारियों की तरह ही हैं, जो काम की शुरुआत किए बिना भविष्य में आने वाली बाधाओं की कल्पना करने लगते हैं और पहला कदम उठाने में झिझकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है शुरुआत करना। एक छोटे से दीये से भी व्यक्ति घना जंगल पार कर सकता है, परंतु व्यक्ति को मालूम होना चाहिए कि दीये की रोशनी आपके कदम बढ़ाने से ही आगे बढ़ती है, इसलिए प्रयास किए बिना कल्पना के दम पर आगे बढ़ने से बचें। **जय हिन्द**

मोह से सदा दूर रहना ही भला है

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। यह कहाई जरूरी नहीं है कि हम जो भी कार्य करें उसका परिणाम सकारात्मक या लाभदायक ही हो। कभी-कभी परिणाम किसी कार्य के लिए, की गई मेहनत के विपरीत आते हैं। अतः उससे घबराने की जरूरत नहीं है। इस संदर्भ में मैं आपके साथ मुल्ला नसरुद्दीन की बाल कहानियों में से एक कहानी का ज़िक्र करना चाहूंगा। एक बार की बात है मुल्ला नसरुद्दीन बाजार की सड़कों से गुजर रहे थे। वहां कुछ दूरी पर उन्होंने एक आदमी को सुर्ख लाल फल बेचते हुए देखा। उन लाल फलों को देखकर मुल्ला के मुंह में पानी आ गया। वे आगे बढ़े और उन्होंने फलों की पूरी की पूरी टोकरी खरीद ली। टोकरी खरीदने के बाद मुल्ला उन फलों को खाने लगे। उनको खाते हुए उनकी आंखों से लगातार आंसू बहे जा रहे थे। मुल्ला के एक दोस्त ने जब यह देखा तो उनसे पूछने लगा. यह लाल मिर्चें तुम क्यों खाए जा रहे हो। मुल्ला ने जवाब दिया-नहीं, मैं लाल मिर्चें नहीं खा रहा, मैं तो अपना पैसा खा रहा हूं। दरअसल हम भी इस कहानी के मुल्ला की तरह ही हैं। जब हम कठिन परिश्रम करके कुछ अर्जित करने की कोशिश करते हैं तो प्रयास करते समय हमारा पूरा ध्यान उसके अंतिम नतीजे में ही लगा रहता है। यह कहाई जरूरी नहीं है कि हम जो भी कार्य करें, उसका परिणाम सकारात्मक या लाभदायक ही हो। कई मामलों में परिस्थितियां हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं। ऐसे समय में यह ध्यान रखना जरूरी है। कि जिस कार्य में आपने इतनी मेहनत की है उससे स्वयं को मोहित होने से कैसे बचाय जाए। कहने का आशय यह है कि यदि किसी ने कोई कार्य करने में भले ही जी जान लगा दी हो, लेकिन उसका परिणाम अनुकूल नहीं हो तो भी विचलित या चिंतित न हों, क्योंकि इस कहानी में बताए गए मुल्ला की तरह पश्चाताप करने का कोई औचित्य नहीं है।

एमएनआईटी का 18 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने : राष्ट्रपति

यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, परन्तु नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहें : राज्यपाल

राज्य सरकार शीघ्र ही युवा नीति 2024 लाएगी : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि रखते हुए कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। मुर्मु एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं' तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में नई पहचान के संस्थान का दर्जा दिया गया है कि ताकि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े। राष्ट्रपति ने समारोह में 805 सांतक, 477 सातकोरान और 79 पीएचडी विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की और 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने छात्रों के लिए निर्मित अत्यंत्त छात्रावास का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 की जो संकल्पना संजोई है, उसका मूल आधार यही है कि देश सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर आगे बढ़े। इसमें युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अर्जित तकनीकी ज्ञान का राष्ट्र के विकास में उपयोग करने पर जोर दिया। बागडे ने एमएनआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि युवा टेक्नोलेज्ट्स के लिए आने वाले समय में इससे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, परन्तु इस ज्ञान के साथ यदि नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहेंगे तभी हम सबका साथ, सबका विकास को सही मायने में सफलीभूत कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की बौद्धिक संपदा है। उन्हें देश के लोकतंत्र और बहुलता के आदर्शों को पूरी तरह से समझते हुए वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय संस्कृति और सर्वे भवन्तु सुखिन के अंतर्गत सबके मंगल की कामना को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को राष्ट्र आराधना करते हुए देश और समाज की उन्नति के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यसन मुक्त रहने और अपने अंदर नैतिक गुणों का अधिक से अधिक विकास किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ तालमेल रखने, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने और जो भी काम मिले, उसे लगन से करने पर जोर दिया। बागडे ने कहा कि प्रयास रहेगा कि राजस्थान के सभी विश्वविद्यालय नैक रैंकिंग प्राप्त करें। पूरे देश में राज्य के विश्वविद्यालय गुणवत्ता की शिक्षा में अग्रणी रहें। उन्होंने संस्थान के आचार्यों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि के लिए कार्य करें। नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें, जिससे वे रोजगार पाने के योग्य नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा आगामी 5 वर्षों में चार लाख सरकारी भर्तियां की जाएगी। इस वर्ष भी एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 तथा कौशल क्षमता विकास के लिए नई स्टेट स्किल पॉलिसी लाई जा रही है, जिससे युवाओं की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो सके। शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने तथा उनमें उद्यमिता बढ़ाने के लिए अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं को देश-विदेश के उत्कृष्ट सीईओ का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही, इसके तहत चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रूपए तक की फंडिंग भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलेरेटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सके। शर्मा ने कहा कि तेजी से बदलते हुए परिदृश्य में विद्यार्थी अपनी विशेषज्ञता से न केवल नई तकनीक का विकास कर सकते हैं, बल्कि अनेक समस्याओं के समाधान में भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपनी असीमित क्षमता का उपयोग करते हुए देश और प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एमएलआईटी के निदेशक प्रो एल पी पाढ़ी ने संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संस्थान को शोध और अनुसंधान में 15 पेटेंट मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में एमएलआईटी विश्वभर में अग्रणी संस्थान बनेगा।

नागरिक सुरक्षा, एसडीआरएफ एवं एसडीआरएफ का संयुक्त अभ्यास

खोले के हनुमान मंदिर परिसर में रोप वे पर हुई मॉक ड्रिल



रोप वे पर फंसे यात्रियों को सकुशल किया रेस्क्यू

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर के खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में स्थित रोप वे पर जिला प्रशासन द्वारा एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर दक्षिण शैफाली कुशवाह के नेतृत्व में आयोजित हुई मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा विभाग, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के जवानों ने रोपवे में फंसे यात्रियों को सकुशल रेस्क्यू किया। शैफाली कुशवाह ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान जवानों एवं स्वयं सेवकों ने अपने कौशल, तकनीक एवं प्रतिभा के दम पर ऊंचाई पर रोप वे की ट्रॉली में फंसे हुए यात्रियों तक ना केवल समय रहते सहायता पहुंचाई बल्कि उन्हें सकुशल नीचे भी उतारा। वहीं, कमांडेंट विकास सिंह ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य रोप वे जैसी ऊंचाई वाले स्थानों से प्रभावितों को सकुशल रेस्क्यू के लिए जरूरी इंतजामों को सुनिश्चित करना है। इस दौरान निरीक्षक राजेन्द्र सिंह भाटी, मुख्य रोपवे निरीक्षक सहित चिकित्सा विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, मंदिर प्रशासन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

जेडीए द्वारा रोड एम्बुलेंस से त्वरित गति से किया जा रहा है पेच रिपेयर कार्य

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के निर्देशन में आमजन की सुविधार्थ जयपुर शहर में वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों को रोड एम्बुलेन्स द्वारा तकनीक से कार्य तीव्र गति से करवाया जा रहा है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों के पेच रिपेयर/ मरम्मतीकरण, सुदृढीकरण एवं सुधारीकरण आदि कार्यों के तहत पीआरएफ दक्षिण क्षेत्र में वन्दे मातरम रोड पर रोड एम्बुलेन्स द्वारा तकनीक से पेच रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा है। इस तकनीक में मुख्य सड़क पर लगभग 2*1 के पेच कार्य की सफाई करके बिटुमन मिक्सर को पोट होल्स में डाला जाता है एवं 130 डिग्री*180 डिग्री पर हीटर द्वारा गर्म किया जाकर प्लेट कम्पेक्टर किया जाता है। इसके पश्चात ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाता है। इस तकनीकी से कम समय में अच्छी गुणवत्ता का, सतह से फ्लस करते हुए पेच रिपेयर का कार्य किया जाता है।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

79,158 करोड़ रूपए से 63 हजार से अधिक आदिवासी बाहुल्य गांवों को विकसित करने का लक्ष्य

राज्य के 30 जिलों के 208 ब्लॉक के 6019 ग्राम होंगे विकसित

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। केन्द्र सरकार ने देशभर के आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 79ए,156 करोड़ रुपये की एक ऐतिहासिक योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी समुदायों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की गई, जिसका क्रियान्वयन 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों में किया जाएगा। योजना के तहत 63 हजार से अधिक गांवों को चुना गया है, जहां करीब 5 करोड़ से अधिक आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे। यह योजना आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा के प्रसार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक दृष्टिकोण रखती है। 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में 10.45 करोड़ से अधिक आदिवासी समुदायों की आबादी है, जो मुख्य रूप से दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में निवास करती है। यह योजना इन्हीं समुदायों के जीवन स्तर में सुधार के लिए एक बड़ा कदम है। योजना की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है।

आवास और बुनियादी सुविधाओं का विकास : योजना के तहत 20 लाख से अधिक पक्के मकानों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें हर घर को स्वच्छ जल जल जीवन मिशन और बिजली सौभाग्य योजना की सुविधाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही, इन आवासों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इससे आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ आवास की सुविधा मिलेगी।

कौशल विकास और रोजगार के अवसर : आदिवासी युवाओं को विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा दे सकें। इसके तहत, युवाओं को फूड प्रोसेसिंग, कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, टूरिज्म होमस्टे और पर्यटन के विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी समुदायों में स्वरोजगार और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार : आदिवासी क्षेत्रों में 1 हजार से अधिक मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जो दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 5 लाख रुपये तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावाए इन इलाकों में टेलीमेडिसिन सेवाओं का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा सकेगी।

शिक्षा और बुनियादी ढांचा : आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए कई नई योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इसमें 1 हजार नए छात्रावासों का निर्माण और आदिवासी छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर नए स्कूलों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, आदिवासी इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की पहुंच को सुनिश्चित किया जाएगा।

पर्यटन और ग्रामीण विकास : सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1 हजार गांवों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें स्थानीय परिवारों को होमस्टे के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सरकार द्वारा इन होमस्टे के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिससे पर्यटन और आर्थिक विकास दोनों को गति मिल सके।

एफआरए पहाधारकों के लिए विशेष योजनाएं : वन अधिकार अधिनियम एफआरए के तहत मान्यता प्राप्त पहाधारकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा, जिसमें कृषि, पशुपालन और अन्य संसाधनों से जुड़ी योजनाएं शामिल होंगी। इससे वन क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा और उनके भूमि अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

संरक्षित वन क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण : वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों की आजीविका के लिए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास योजनाओं को लागू किया जाएगा। इसमें वन उत्पादों के संरक्षण और सतत उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि वन संसाधनों की रक्षा की जा सके और आदिवासियों की आय में वृद्धि हो।

उल्लेखनीय है कि इस योजना का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से आदिवासी समुदायों का सशक्तिकरण और दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करना है। इस योजना से न केवल इन क्षेत्रों में विकास होगा, बल्कि आदिवासी समुदायों को भी मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्य विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास व अनुशासन अधिक जरूरी : नाहटा

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। प्रज्ञा पुरस्कार से सम्मानित देश के प्रमुख वित्त विशेषज्ञ राजकुमार नाहटा ने कहा है कि जिस पर भवन निर्माण के लिए पहले भूमि की अच्छी प्रकृति आवश्यक होती है, वैसे ही व्यक्तित्व निर्माण के लिए जीवन मूल्यों की आवश्यकता होती है। उन्होंने यहां जैन विश्वभारती संस्थान की महादेवलाल सरावगी अनेकांत शोधपीठ के तत्वावधान में पूनमचंद भूतोड़िया स्मृति व्याख्यानमाला के अन्तर्गत आयोजित व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्य विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। मुनिश्री जयकुमार एवं मुनिश्री मुदित कुमार के सान्निध्य में हुए इस व्याख्यान में उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए जीवन मूल्यों पर ध्यान दिया जाना सबसे अधिक जरूरी है। इसमें कृतज्ञता सीखने, जीवन पर्यन्त ज्ञान ग्रहण करने के लिए शास्त्रोक्त पांच प्रवृत्तियों का पालन करने, मित्रतत्व अभ्यास करने, संवादों की निरन्तरता बनाए रखने, नकल और स्पर्धा से बचने, बुराइयों के त्याग और अच्छाइयों को ग्रहण करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि अनुशासन को अपनी जीवन शैली बनाना सबसे जरूरी है तथा अनुशासन से शारीरिक व मानसिक विकास संभव हो पाता है। इसके अलावा उन्होंने सबसे ज्यादा जोर आत्मविश्वास बढाने पर दिया और कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास सबसे बड़ा भाग है। नाहटा ने अपने व्याख्यान में ज्ञान, सद्भाव, अनुशासन, सत्यवादिता और आत्मविश्वास को व्यक्तित्व विकास का आधार बताया।

नगर निगम ग्रेटर सतकर्ता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्रीयकार्य में मंन्दिर मोड़ विश्वकर नगर, लोहा मण्डी रोड़ मूरलीपुरा से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 13 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज कर 01 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्रीयकार्य में मंन्दिर मोड़ विश्वकर नगर, लोहा मण्डी रोड़ मूरलीपुरा से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 01 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 13 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए नागरिक पांबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्रीयकार्य में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

राज्यपाल ने कहा भारतवंशी भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक

जहां-जहां भारतवंशी गए वहां विकास किया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि जहां जहां भारतवंशी गए हैं, उस देश के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतवंशियों ने अपनी परंपरागत विशेषताओं को स्थानीय संस्कृतिक धारा में सम्मिलित करके विदेशी राष्ट्रों को समृद्ध किया है।

बागडे राजभवन से कनाडा में आयोजित विदेश में भारतवंशी संस्कृति विषयक वेबिनार में संबोधित कर रहे थे। बागडे ने इस दौरान कहा कि भारतवंशी जहां-जहां बसे हैं, वहीं के राष्ट्रीय एवं सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने राजस्थान के उन लोगों को भी स्मरण किया जिन्होंने विदेशों में जाकर राज्य व देश का नाम रोशन किया है। राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरूजी का स्मरण करते हुए कहा कि वह कहा करते थे, वह संपूर्ण विश्व मेरा घर है। उन्होंने कहा कि गुरूजी यह बात इसीलिए कहते थे कि भारतवंशी कहीं भी जाते हैं तो उस देश को अपना घर मानकर वहां के विकास के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा की भी इस दौरान विशेष चर्चा की तथा कहा कि आचार्य कणाद ने सबसे पहले परमाणु संरचना पर विचार में प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि शून्य एवं दशमलव की खोज भारत में ही हुई। इस खोज ने ही विश्वभर में गणितीय जटिलताओं को खत्म किया है। उन्होंने जगदीशचन्द्र बसु द्वारा माइक्रोवेव, बायोफिज़िक्स और प्लांट न्यूरोबायोलॉजी के प्रवर्तक रहने और आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे द्वारा हिंदू रसायन विज्ञान के इतिहास आदि की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय विज्ञान आरंभ से ही समृद्ध रहा है। इसने विश्वभर को विकास की प्रेरणा दी।

शिक्षक दें जीवन में उत्तरोत्तर विकास की शिक्षा : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के विश्वविद्यालय शैक्षिक सम्मेलन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के जीवन में उत्तरोत्तर विकास के लिए शिक्षा देनी चाहिए।

राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय शैक्षिक सम्मेलन में अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी मां तथा परिवार से मिली शिक्षा से बच्चे छोटी उम्र में ही विशेष योग्यताओं को अर्जित कर लेते हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखकर अध्यापन करवाना चाहिए। इससे विद्यार्थी के जीवन में उत्तरोत्तर विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। शिक्षा बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाली हो। पाठ्यक्रम के अतिरिक्त सहशैक्षिक गतिविधियां भी ज्ञान प्राप्ति की साधन होनी चाहिए। इनसे विद्यार्थी कक्षा उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक पुस्तकीय ज्ञान से अधिक व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि मास गोलवकर गुरूजी के विचारों पर नई शिक्षा नीति में जोर देना चाहिए। शिक्षा में सुधार के लिए बनी नीतियों, शिक्षा आयोगों एवं कमेटियों के सुझावों का प्रभाव प्राथमिक शिक्षा पर होने से विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत होगा। भारतीय शिक्षा पद्धति में हमारी संस्कृति, देवधर्म एवं आदर्शों के आचरण को देना अत्यावश्यक है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जैसे महापुरूषों के मानवीय सद्गुणों युक्त नैतिक शिक्षा को अपनाने से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इसी भावना से शिक्षक निर्माण के कार्य में लगा है।

समय न लगाओ
तय करने में,
आपको करना क्या है,
वरना समय तय कर लेगा
कि, आपका क्या करना है।

जेडीए : 22 अधिकारियों/कर्मचारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी द्वारा प्राधिकरण पोर्टल पर आनलाईन सेवाओं से संबंधित पत्रावलियां लंबित रहने पर 23 अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी किये गये। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि पत्रावलियों की जांच करने पर संज्ञान में आया है कि प्राधिकरण में नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त हो रही विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऑनलाईन पत्रावलियों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाना अपेक्षित है परन्तु ऑनलाइन सेवाओं से सम्बन्धित प्रकरणों की पत्रावलिया 23 अधिकारियों एवं कर्मचारीयों के खाते में सात दिवस से भी अधिक समय से विभिन्न पत्रावलियां लंबित थी।

जेडीसी द्वारा निर्देश दिए गए है कि संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी के खाते में लंबित चल रही पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जाकर जनपयोगी सेवाओं से संबंधित ऑनलाईन पत्रावलियों का समय पर निस्तारण नहीं किये जाने के संबंध में तीन दिवस में जेडीए सचिव को रिपोर्ट में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाये अन्यथा जेडीए प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथा। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथा। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, हर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं प्रिंटिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः महलोत, हर्रा, कायथ। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

---

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, तुगरिया, माथर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः माथर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किशड़, तुगरिया, डाबला, निर्वाण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्

एमएनआईटी जयपुर में हिंदी पखवाडा मनाया

हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से एमएनआईटी जयपुर में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं गैर-शिक्षकगण भी उत्साहपूर्वक शामिल रहे। इस अवसर पर निर्माणिक मंडल में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की डॉ प्रेरणा जैन और जलपद अभियांत्रिकी विभाग के डॉ पवन कक्का उपस्थित रहे।

प्रोफेसर आरके व्यास, समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ, की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिन्होंने प्रतियोगिता की सराहना की।

प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रतिभागियों के भाषाई कौशल

को प्रदर्शित करना था। सभी प्रतिभागियों ने अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। विद्यार्थियों की श्रेणी में पहले स्थान पर सिद्धार्थ शर्मा, दूसरे स्थान पर ईशान अरोड़ा और प्रखर अग्रवाल तथा तीसरे स्थान पर दीक्षा नवल रहीं। गैर-विद्यार्थियों की श्रेणी में पहले स्थान पर हेमंत कुमार मीना, दूसरे स्थान पर डॉ निवेदिता कॉल और तीसरे स्थान पर डॉ नीरजा सारस्वत रहीं। यह कार्यक्रम डॉ मीनाक्षी त्रिपाठी और डॉ ऋतु अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया था और इसकी प्रस्तुति शिवांश राय ने की। यह आयोजन सफल रहा और सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हम इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ओउमाश्रय सेवा धाम में पितृपक्ष पखवाड़े का शुभारंभ

जीवित माता-पिता की सेवा सुरक्षा नहीं करने वालों का स्वीकार नहीं होता श्राद्ध तर्पण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। निराश्रित जन सेवार्थ, यज्ञों की वैज्ञानिक परिचारिक महत्त्व स्थापना एवं संस्कारित पीढ़ी निर्माण हेतु समर्पित ओउमाश्रय सेवा धाम में पितृपक्ष के पहले दिन पांच महायज्ञों में एक प्रमुख पितृ यज्ञ पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।

संस्थापक यशपाल यश ने कहा कि पितरों को स्मरण करना तथा उनके अधूरे आध्यात्मिक सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाना ही सच्चा श्राद्ध है। यश ने कहा कि कृष्ण ने गीता में जीवित पितरों पिण्ड उदक भोजन की समुचित व्यवस्था की बात कही है। यश ने वृद्धाश्रमों सांस्कृतिक दुर्भाग्य बताते हुए कहा कि जो जीवित माता-पिता, सास-ससुर आदि बुजुर्गों का सही ढंग से व्यवहार सेवा सुरक्षा नहीं करते हैं उनके श्राद्ध तर्पण स्वीकार नहीं

होते। संचालक देवेश गोयल ने बताया कि यज्ञ में निराश्रित जन से याज्ञिक वन रहे राजेश गोयल ने यज्ञ संचालन में सहयोग किया।

भगवान दास गर्ग बाडी वाले डॉ प्रमोद पाल एस के जैन अर्चना जैन हर्षित जैन जतिन जैन प्रभव जैन नंद सिंह नाथावत हर्षित भंवर सिंह हर्षिता सरस्वती देवी उर्मिला गुप्ता निखिल अग्रवाल आदि ने अपनी आहुतियां दी। श्याम सुन्दर गुप्ता ने ओउमाश्रय गौशाला में सोलह दिन गायों को हरा चारा हेतु सहयोग किया। यज्ञ की पूर्णाहुति सर्व पितृ अमावस्या को अवटूबर गुरुवार को होगी।

साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए एडवायजरी जारी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने साईबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए यूपीआई फिशिंग धोखाधड़ी और ऑलनाईन नौकरी धोखाधड़ी के संबंध में एडवायजरी जारी की है। गृह विभाग की संयुक्त शासन सचिव पूजा पार्थ ने बताया कि इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राईम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं को पत्र लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि बैंकिंग संबंधी मुद्दों में मदद के बहाने जालसाल पीड़ितों से उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर लिंक अग्रेषित करने के लिए कहते हैं और पीड़ित के बैंक खातों तक पहुंच जाते हैं। धोखेबाज लोग केवाईसी/आधार अपडेट करने के बहाने से भी ओटीपी साझा करने की कहकर धोखाधड़ी कर सकते हैं। स्वयं को बैंक अधिकारी बताने वाले किसी भी व्यक्ति को ओटीपी या लिंक साझा न करें। रिफंड पाने आदि के लिए गूगल सर्च से प्राप्त कस्टमर केयर नम्बर पर कॉल करने वाले लोग इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते है। इसके अतिरिक्त नौकरी की तलाश में अपना डेटा विभिन्न वेबसाइटों पर या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने वाले उपयोगकर्ता के डेटा का उपयोग साइबर अपराधी अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर पंजीकरण एवं सेवा शुल्क की मांग करते है। ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए अपना आवेदन केवल पंजीकृत वेबवाईट पर ही जमा करना। नौकरी के लिए कई अग्रिम भुगतान न करें।

सामान्य जागरूकता टिप्स

1 ऐसे संकेतों पर ध्यान दें कि आपको कोई संदिग्ध ईमेल मिला है, जैसे ईमेल भेजने वाला, विषय, हस्ताक्षर।

2 किसी ईमेल पर तुरत भरोसा न करें, ध्यान से पढ़ें और फिशिंग संकेतों की जाँच करें। जब तक लिंक किसी विश्वसनीय स्रोत से न हों तब तक उन पर क्लिक करने से बचें।

3 अगर आपको किसी ऐसे नंबर से टेक्स्ट मिलता है जिसे आप पहचानते नहीं है तो उसे ध्यान से पढ़ें।

4 अगर आपको लगता है कि आपको स्मिशिंग टेक्स्ट मैसेज मिला है, तो उसका जवाब न दें। कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति या असुरक्षित साइट को व्यक्तिगत या संवेदनशील जानकारी न दे जिसे आप नहीं जानते।

5 अगर मैसेज/कॉल में किसी तरह की अत्यावश्यकता की भावना हो तो हमेशा संदेह करें।

6 फोन कॉल के दौरान सतर्क रहें और ध्यान दे।

7 व्यक्तिगत रूप से या फोन पर जानकारी माँगने वालों की पहचान सत्यापित करें।

8 फोन कॉल पर अपने बैंक खाते का विवरण, व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी आदि साझा न करें।

9 याद रखें कि बैंक कभी भी कार्ड नंबर/सीवीवी नंबर/ ओटीपी नहीं पूछता।

10 ईमेल साझा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे साइबर अपराधियों द्वारा इंटरनेट बैंकिंग सक्रिय हो सकती है, जिससे किसी के पैसे की हेराफेरी हो सकती है।

11 अपने सेल फोन को स्वचालित रूप से अपडेट करने के लिए सॉफ्टवेयर सेट करके सुरक्षित रखें।

12 पासवर्ड को नियमित रूप से बदलें।

13 मल्टी फेक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करके अपने खातों को सुरक्षित रखें।

14 एंटीवायरस इंस्टॉल करें और नियमित रूप से अपडेट करें।

जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नहीं, कठिनाइयों से बड़ी कोई परीक्षा नहीं, और समय से बढ़कर, कोई शिक्षक नहीं।

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

मनोबल के सहारे सभी शारीरिक दुर्बलताओं व प्रतिकूल परिस्थितियों पर जीत हासिल कर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती हैं।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हेनरी इरविंग अपने समय के बेहद लोकप्रिय हॉलीवुड स्टार थे। पूरे हॉलीवुड में उनके अभिनय की तूती बोलती थी। हर निर्माता-निर्देशक की वह पहली पसंद थी। इसलिए उनकी व्यस्तता अपने चरम पर थी। न उन्हें अपने लिए समय था और न परिवार के लिए। वह पूर्णत: कला के लिए समर्पित थे। वह दिन-रात मेहनत करते हुए अपने किरदारों को इस कदर जीवंत कर देते कि देखने वाले वाह-वाह कर उठते। किंतु इस कठोर मेहनत और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से हेनरी अत्यधिक कमजोर हो गए और उन्हें बीमारियों ने जकड़ लिया। रोग निरंतर बढ़ता गया, किंतु हेनरी का अभिनय प्रेम कम नहीं हुआ। चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण विश्राम की सलाह दी, किंतु वह नहीं माने। मर्ज बढ़ने के बावजूद वह निरंतर मंच पर अभिनय करते रहे। उन्हें तो बस अभिनय की धुन सवार थी और अच्छे से अच्छा काम करने के लिए वह सदा लालायित रहते थे। एक रात तो चिकित्सकों ने हेनरी को यह चेतावनी दे दी कि यदि वह अभिनय करेंगे, तो संभवतया अगले दिन का सवेरा नहीं देख पाएंगे। इस चेतावनी पर वह मुस्कराए और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंच पर आ गए। उस रात उन्होंने अविस्मरणीय अभिनय किया, जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा हुई और साथ ही चिकित्सकों की भविष्यवाणी भी गलत साबित हो गई। हेनरी ने अपने मन की शक्ति से तन पर विजय प्राप्त कर ली। यह सचमुच मन की असीम शक्ति को रेखांकित करती है। यदि मन में दृढ़ता हो तो बाधा, विरोध, कष्ट किसी भी स्वरूप में आएं उनका हटना तय है। इससे लक्ष्य की उपलब्धि आसान हो जाती है। इसीलिए तो कहते हैं **मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।** सभी प्रकार की शक्तियों में मन की शक्ति सबसे बड़ी होती है। मन यदि मजबूत हो तो सभी प्रतिकूलताओं पर विजय प्राप्त कर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

डॉजिल गाजरव,
कॉउंसेलर परिष्कार पत्रिका

दोस्ती

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

इक, आस्था,
इक विश्वास है दोस्ती,
सागर से गहरी,
हिमालय से विशाल है दोस्ती।
पतझड़ के मौसम में
बहारों का बाग है दोस्ती
फूल का पराग,
हवा का राग है दोस्ती।
कोई रिश्ता नहीं,
इक अहसास है दोस्ती,
कृष्ण की गीता,
कुरान सी पाक है दोस्ती।
महज तोहफा नहीं,
खुदा की अमानत है दोस्ती,
कोशिश भी है,
कायनात भी है दोस्ती।
चाहे हकीकत नहीं,
निगाहों का ख्वाब है दोस्ती,
सर्द अंधेरी रातों में,
जलता हुआ चिराग है दोस्ती।
सितारों की चमक,
चांद का नूर है दोस्ती,
रिश्तों का इरतना नहीं,
चाहत का समंदर है दोस्ती।
इतना का जर्रा नहीं,
बिखरा हुआ आफताब है दोस्ती,
सिर्फ मंजिल नहीं
खुद में इक सुकाम है दोस्ती।
किसी की सांसों का सैलाब है दोस्ती,
किसी की जिंदगी ही सिर्फ है दोस्ती।
सोचता हूं और क्या कहूं खुद में
भगवान से बढ़कर है दोस्ती।

लघु उद्योग भारती का राजस्थान प्रदेश सम्मेलन 2024

राज्य को वैश्विक औद्योगिक हब बनाने के लिए सरकार प्रयासरत : उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी

उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने का आह्वान

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भीलवाड़ा नगर निगम सभागार में आयोजित लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश क्षेत्रीय सम्मेलन में उद्यमियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकसित राजस्थान के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे है। जिस गति से राज्य सरकार कार्य कर रही है, वह दिन दूर नहीं जब राजस्थान के केवल इस देश का बल्कि पूरे विश्व का एक ग्लोबल इंडस्ट्रियल हब बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रयास कर रही है कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश आए और विशेषकर भीलवाड़ा में क्योंकि भीलवाड़ा टेक्सटाइल हब है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है इस बार बजट में भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क की भी घोषणा हुई है, इसके लिए उन्होंने बधाई दी। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल पार्क का भूमि आवंटन का काम भी हो चुका है, बहुत जल्दी एक अच्छा टेक्सटाइल पार्क बनेगा, ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग भीलवाड़ा में होगी और राज्य में निवेश का वातावरण बन रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सभी उद्यमी इसमें भाग लें और सभी साथ मिलकर एक प्रयास करें कि ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज राजस्थान आए। राजस्थान में इन्वेस्ट करने के लिए छोटी से लेकर बड़ी औद्योगिक इकाइयां अपनी यूनिट राजस्थान में ही स्थापित करें। उन्होंने कहा कि राज्य टूरिज्म, एग्रीकल्चर के जैसे ही वर्ल्डमेप पर आए। इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्टमेंट से लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों में महिलाएं जुड़ी होती हैं। इन औद्योगिक इकाइयों के विकास से महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनेंगी। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और हमारे मजबूत राजस्थान बढ़ने की ओर कदम बढ़ेंगें।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम में राज्य के आर्थिक विकास और एमएसएमई माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज सेक्टर की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत व्यापक्षी सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था से बढ़कर पांचवी सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसमें एमएसएमई सेक्टर का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तय किया है कि राज्य की अर्थव्यवस्था को 15 लाख करोड़ से बढ़ाकर 4 साल के अन्दर 30 लाख करोड़ तक लेकर जाएंगे। उन्होंने स्पिव्ज़लरैंड के उदाहरण देते हुए बताया जहां एमएसएमई सेक्टर अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और राज्य में भी इस सेक्टर को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लघु उद्योग भारती के विज़न को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क स्थापित करने की

आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए एक बड़ा अवसर है और एमएसएमई सेक्टर के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा। उन्होंने उद्योगजीवियों से आग्रह कर रहे हैं कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और बड़ा सोचें। उन्होंने राज्य के आर्थिक विकास के लिए एमएसएमई सेक्टर की महत्ता पर बल दिया उद्योगजीवियों को इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्य सरकार का उद्देश्य उद्योगपतियों को समर्थन देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है और इसके लिए सरकार हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने 2026 में लघु उद्योग भारती के कॉलोब्रेशन में राजस्थान सरकार के स्टोन मार्ट की घोषणा की। राठौड़ ने उद्योगों के हित में 21 नई पॉलिसी लाने, 60 पॉलिसी में सुधार करने, निजी उद्योग पार्क की अनुमति देने की चर्चा की।

राज्यमंत्री उद्योग एवं वाणिज्य विभाग केके विश्नोई ने राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के बारे में जानकारी देते हुए अधिकाधिक निवेश के लिए प्रोत्साहन दिया। राज्य मंत्री वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन संजय शर्मा ने उद्यमियों को विश्वास दिया कि उद्यम स्थापित करने में सभी मापदण्डों को पूरा करने वाले उद्यमियों को संबल मिलेगा तथा पर्यावरण दूषित करने वालों को दण्ड मिलेगा। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के बारे में संबोधन दिया।

लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश सम्मेलन 2024 में प्रदेश भर के 160 औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें शुरुआती तत्र में उद्योगों की विभिन्न समस्याओं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई तथा संगठन को और अधिक व्यापक बनाने का कार्य योजना पर विचार हुआ। सम्मेलन प्रभारी रविंद्र जाजू ने कहा कि भीलवाड़ा मिनरल्स खनिज संपदा में अति समृद्ध है। इस संबंध में आवश्कता सरकारी नीति एवम सहयोग की है। भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क की घोषणा एवं जमीन आवंटन किया हुआ है जिसमें क्रियान्वयन हेतु बिजली दर में कमी, अनलिमिटेड सोलर, स्पेशल औद्योगिक जोन एवं सम्पूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत की जानी चाहिए जिससे टेक्सटाइल पार्क धरातल पर आ सके।

पर निंदा में खुशी तलाशना ठीक नहीं

व्यक्ति दूसरों की निंदा, शिकायत करना छोड़ दे तो उसकी सोई शक्तियां फिर जाग उठेंगी और खोया आत्मविश्वास भी लौट आएगा।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जो व्यक्ति हर समय दूसरों में दोष निकालता रहता है, उनकी निंदा करता रहता है, शिकायतें करता रहता है, उसका अपना आत्मविश्वास समाप्त हो जाता है। उसमें धीरे-धीरे हीनभावना पैदा होने लगती है। वह यह मान बैठता है कि अपने जिस शत्रु की बुराइयां खोज रहा है, निंदा और शिकायतें कर रहा है, वह उससे कहीं अधिक शक्ति-संपन्न है। पराजय की यह भावना उसकी सफलता की राह में अनेक बाधाएं पैदा कर देती है। उसके अनेक गुण और शक्तियां नाहर हो जाती हैं। इससे सबसे पहले नष्ट होती है उसकी प्रसन्नता।

वह हर समय तनाव महसूस करता रहता है। उसके तन-मन में उत्तेजना बनी रहती है। अगर वह दूसरों की निंदा और शिकायत करना छोड़ दे तो उसकी सोई हुई प्रसन्नता फिर लौट आएगी। सोई हुई शक्तियां फिर जाग उठेंगी। उसमें फिर आत्मविश्वास पैदा हो जाएगा और इस आत्मविश्वास से आएगी दूरदर्शिता। तब वह अपने विरोधी के अवगुणों के बजाय गुणों की खोज में लग जाएगा, ताकि स्वयं में उन गुणों को बढ़ाकर अपने विरोधी को पराजित कर सके। एक महान दार्शनिक का कहना है कि जहां तक मेरा वश चलता है, मैं किसी भी बात से अपने मन को दूरी नहीं होने देता। मेरा विश्वास है कि जो कुछ भी होता है, अच्छा ही होता है। आप स्वयं भी प्रसन्न रहिए और दूसरों को भी प्रसन्न रखिए। आप दूसरों को तभी प्रसन्न रख पाएंगे, जब स्वयं प्रसन्न रहेंगे। यह प्रसन्नता आपके स्वास्थ्य के लिए हितकर सिद्ध होगी। जब मन शांत रहता है तो शरीर के अंग-प्रत्यंग विधिवत अपने-अपने काम में लगे रहते हैं। शरीर के सभी अंग पूर्ण रूप से संचालित रहते हैं, जिसके कारण व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता और योग्यता के साथ अपने कामों को करता रहता है। दुखी रहने वाले किसी काम को सही ढंग से नहीं कर पाते।

शायरसिंह किरार,टेकॉन कॉरियर

बारिश के बाद अब शहर को चमकाने पर सरकार का फोकस : प्रमुख शासन सचिव

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मानसून की मेहरबानी के बाद अब राजस्थान सरकार का फोकस प्रदेश की सड़कों पर साफ सफाई, उनकी मरम्मत और पौधारोपण के संरक्षण पर है। इसी को लेकर राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव स्वायत शासन विभाग ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

शहर की सुंदरता के लिए पेड़-झाड़ियों की छंटाई पर दें ध्यान

राजेश यादव ने कहा कि मानसून के कारण शहर में जगह-जगह पेड़ और झाड़ियां बेतरतीब तरीके से बढ़ गए हैंए जिनकी छंटाई करना जरूरी हो गया है। ताकि शहर की सुंदरता बनी रहे। उन्होंने मानसून में किए गए पौधारोपण के संरक्षण को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सड़कों की मरम्मत अच्छे मैटेरियल से हो, ये तय किया जाए। राजेश यादव ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण शहर की सड़कों को भी काफी नुकसान हुआ है। उन्होने कहा कि अधिकारी खुद टूटी सड़कों के मरम्मत कार्य की मॉनिटरिंग करें और तय करें कि

मरम्मत कार्य में अच्छे पदार्थ का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इस समस्या को जितना जल्द हो सके उतना जल्द खत्म किया जाए।

गंदगी और आवारा पशु की समस्या को करें खत्म

राजेश यादव ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड पर उतर कर शहर की सफाई व्यवस्था का निरंतर जायजा लिया जाए। उन्होंने कहा कि गंदगी और आवारा पशु के कारण बाहर से आने वाले लोगों और विदेशी पर्यटकों में शहर की तस्वीर अच्छी नहीं जाती है। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था पर खास ध्यान दिया जाए। साथ ही आवारा पशुओं की समस्या को खत्म करने पर फोकस किया जाए।

विभागों के साथ समन्वय बनाकर करें बेहतरीन काम :

बैठक के दौरान डीएलबी डायरेक्टर कुमारपाल गौतम ने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों के दौरान विभिन्न विभागों के साथ समन्वय के साथ काम किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर समस्या की पहचान करना और उसको समन्वय के साथ दूर करना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। ताकि हम देश में राजस्थान की एक अलग तस्वीर पेश कर सकें। इस महत्वपूर्ण बैठक में जितेंद्र सोनी, कलेक्टर जयपुर, रुचमणि रिवार आयुक्त जयपुर ग्रेटर नगर निगम, अतिरिक्त नगर निगम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत मेयर सोम्या गुर्जर के निर्देशन में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शक्ति वंदन 2.0 के तहत वार्ड नं 70 स्थित राजकीय सीनियर सेकण्डरी स्कूल मानसरोवर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत बच्चों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण इंटरनेशनल ट्रेनर व कोच ऋचा गौड़ की ओर से दिया गया। उन्होंने छात्रों को बचाव के लिए कई टिप्स दिए और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दिखाई। इसके साथ ही बच्चों को वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मोटिवेशनल स्पीकर अंकित खंडेलवाल की ओर से बच्चों को स्वयं की शक्ति को पहचानने के लिये मोटीवेट किया गया। निर्भया स्क्वाड टीम की ओर से सदस्य मंजु व मनोहर ने भी आत्मरक्षा के लिए बच्चों को ट्रिक बताई। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद रामवतार गुप्ता व मेयर सौम्या गुर्जर की ओर से पौधे वितरित किए गए। इस शिविर की खास बात यह रही की इस शिविर में 5वी से 12वी कक्षा के छात्रों को भी नैतिकता का पाठ पढ़ाने के साथ-साथ छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी गई।

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिये प्रोत्साहित किया साथ ही प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 5 छात्राओं को मौके पर ही प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया। महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुये कहा कि मानसिक कचरे को यदि दूर करना है तो स्वयं को मजबूत करना होगा इसके लिए उन्होंने सभी बच्चों से श्रीमद्भागवत गीता, वीर शहीदों, महापुरूषों की कहानियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि बचपन से ही बच्चों की जड़े संस्कारित की जाये तो बच्चें वटवृक्ष की भांति स्वयं की रक्षा तो करेंगे ही बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा करने में समर्थ हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि जो बालिकाएं दुष्कर्म की शिकार हो गई हैं यदि उन्हें मनोचिकित्सकीय परामर्श देकर यदि मनोबल प्रदान किया जाये तो वे जीवन में आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा कर सकती है। महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमेन डॉ



मीनाक्षी शर्मा ने इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि समाज में जो विकृति एवं गंदगी फैली हुई है उस गंदगी को हटाने के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना जरूरी है जिससे महिला भय मुक्त होकर घर से बाहर निकल सके।

विद्यालय की प्रिंसीपल अनु चौधरी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिये प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि 5 सितम्बर से शक्ति वंदन 2.0 का आगाज़ कनोडिया कॉलेज से किया गया था।

कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी शर्मा चेयरमैन, महिला व बाल विकास समिति, पारस जैन चेयरमेन फायर समिति जयपुर नगर निगम, के के गुप्ता, पी सी शर्मा आतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित शिक्षकों और बच्चों का माला पहनकर और एक पौधा देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि सौम्या गुर्जर ने टैबलेट प्राप्त करने वाले 38 विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल अनु चौधरी ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भगवाशह भगवान दास की ओर से सभी बच्चों को फलाहार दिया गया।

विशिष्ट न्यायालय, अनु जाति/जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरण करौली के आदेश की पालना जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा नहीं करने पर

पीडित के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ऑफ कन्टेम्पट का रैफरेन्स उच्च न्यायालय में कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक करोली व थानाधिकारी सपोटरा से जवाब तलब।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। विशिष्ठ न्यायालय, अनु जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरण करौली के आदेश की पालना नहीं करने पर पडित के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ऑफ कन्टेम्पट की कार्यवाही करने के लिए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक करोली व थानाधिकारी सपोटरा के खिलाफ उच्च न्यायालय पीठ जयपुर में रैफरेन्स प्रस्तुत किया।

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण में दलित पीडित लक्खी बैरवा पुत्र स्व सूका बैरवा व परिवार के सदस्य, निवासी ग्राम सैमरदा, पुलिस थाना सपोटरा, जिला करौली की भूमि को हडपने के निचत से नामजद आरोपी अतर सिंह गुर्जर, बद्दन गुर्जर, नरसी गुर्जर, सिया सभी पुत्रान जियालाल गुर्जर व अन्य निवासी गैरई की गुवाडी पुलिस थाना सपोटरा तहसील सपोटरा, जिला करौली के द्वारा बार-बार मारपीट व हमला कर फसल तैयार होने पर कई बार काट कर ले जाने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सपोटरा, तहसील सपोटरा जिला करौली के खिलाफपुलिस थाना सपोटरा में बार-बार अपराध करने की पुर्नावृति होने पर पीडित द्वारा दर्ज एफआईआर एससी/एसटी एक्ट में दर्ज करवाई गई। आरोपियों द्वारा बार-बार घटना की पुर्नावृति करने पर पीडित के प्रार्थना पत्र के आधार पर एडवोकेट सतीश कुमार व एडवोकेट साकिर भाई द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रोटेस्ट पिटीशन पेश कर अपने शारीरिक एवं सम्पत्तिक अधिकारों की पुलिस सुरक्षा की मांग की गई। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 18-01-2021 को मुलजिम अतरसिंह, बद्दन, नरसी, सिया पुत्रान जयलाल जाति गुर्जर निवासी गैरई की गुवाडी पुलिस थाना सपोटरा जिला करौली के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 323, 341, 447 अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 प्रस्तुत किया गया तथा पीडित के अत्याचार निवारण अधिनियम की मंशानुसार उसके शारीरिक व सम्पत्तियों की संरक्षण हेतु निम्न अन्तरिम आदेश पारित कर निर्देश दिया गया कि अत: जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक करौली को निर्देश दिये जाते है कि वह धारा 10 व 15 ए, अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में उपबंधित प्रावधानों का पालन कर प्रभावी कार्यवाही कर पीडित के आपेक्षित आराजी से संबंधित सम्पत्तिक व शारीरिक संरक्षण हेतु समुचित उपाय कर इस न्यायालय को सूचित करे। फौजदारी रिविक को आदेश दिया जाता है वह उक्त आदेश की प्रति संकलित कर धारा 15-ए 8 एससी/एसटी एक्ट के तहत आवश्यक कार्यवाही हेतु पृथक से पत्रावली खोली जावे। उक्त आदेश के बाजजूद जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक करौली व थानाधिकारी सपोटरा ने पीडित को कोई पुलिस सुरक्षा उपलब्ध नही करवाई जिसके कारण पीडित मजबूर होकर गांव से पलायान करना पडा, जिसके कारण उसकी कृषि कार्य प्रभावित हुआ, बच्चे विद्यालय जाने से वंचित हो गये, उसके जान-माल का खतरा बना रहा पीडित का पूरा परिवार, महिला, बच्चे, जीवन यापन करने के लिए पालतु मवेशी आदि पूरी तरह से प्रभावित हुये, न्यायालय के आदेश के 3 वर्ष 7 माह बाद भी जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा पीडित को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध नही करवाई गई। पीडित के प्रार्थना पत्र पर एडवोकेट सतीश कुमार व एडवोकेट साकिर भाई ने अन्तर्गत धारा 15 कोर्ट ऑफ कन्टेम्पट अधिनियम 1971 के तहत विशिष्ठ न्यायालय मे प्रार्थना पत्र दायर किया जिस पर विशिष्ठ न्यायालय ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, करौली व थानाधिकारी नोटिस जार कर कहा गया है कि क्यों न आपके खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवेहलना की कार्यवाही की जावे।

सहयाक आचार्य एप्लाइड आर्ट विषय के साक्षात्कार का परिणाम जारी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा विभाग भर्ती-2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्

सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर

गुरू वंदन छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेन्ट जोसफकॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर में भारत विकास परिषद शाखा सोगानेर जयपुर के पदाधिकारियों द्वारा गुरू वंदन छात्र अभिनंदन तथा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जुनियर वर्ग में सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी आदित्य मिश्रा कक्षा 8वीं एवं प्रियंका हिहलानी कक्षा 7वीं विजयी रहे, जिनको पुरूस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। गुरू वंदन कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक उर्मिला शर्मा, गिरीश कारवानी, संगीता सक्सैना, एसीमित्रा गेब्रियल जस्टिन को सम्मानित किया गया। छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के मुख्य अतिथि अध्यक्ष विजय पारीक, सचिव जगरूप यादव रहें। प्राचार्य डा एसडी शर्मा ने मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर और शॉल ओढाकर स्वागत करते हुए सभी विद्यार्थियों को देश के प्रति सेवाभाव एवं बडों व अपने गुरूजनों का सम्मान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों एवं गणमान्यों व विद्यालय परिवार के सदस्यों का आभार प्रकट किया।

सदाचार उच्च माध्यमिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

युवा क्रिकेटर शुभमराज सिंह के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मेरा अधिकार संस्था एवं पब्लिक हेल्थ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में युवा क्रिकेटर शुभम राज सिंह पुत्र संजय कुमार सिंह के जन्मदिन पर श्रीकन्या सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय आकड़ मार्ग बनीपार्क जयपुर में विशाल स्वैच्छिक रक्त दान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बाल्मीकुंदू आचार्य महाराज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा शर्मा ने की। सुनील जैन के अनुसार रक्त संग्रहण डॉ रामपाल ब्लड सेंटर ने किया। ब्लड मोटीवेटर जेपी बुनकर ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच में हो, हीमोग्लोबिन 12.5 से अधिक व वजन 50 किलो से अधिक हो, वह जांच के बाद रक्तदान कर सकता है। संयोजक संजय कुमार सिंह द्वारा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आए हुए अतिथियों को दुपट्टा एवं तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। शिविर में परिष्कार पत्रिका के संपादक रवि सिंह किरार भी उपस्थिति थे जिनका दुपट्टा ओढ़ाकर और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिवम राज सिंह, विक्रम सिंह तंवर, रवि कश्यप, मनीष सोनी, अजय कुमार सिंह, अमन शर्मा, विनेश शर्मा, शिवजी, चेतन शर्मा, पिंकी देवी शत्रुंजय सिंह आंकि समाज सेवी एवं विद्यालय प्रशासन के सभी सदस्य मौजूद रहे। प्रशस्ति पत्र को लायकों हाथों पर जयश्री श्याम लिखने वाले बजरंग सिंह शेखावत द्वारा अपनी सुन्दरी सिग्नेचर से लिखा गया। इस दौरान 21 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास जरूरी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास जरूरी कार्यक्रम को संक्षिप्त प्रदान करते हुए सुमित्री जयकुमार ने बड़ी बातों पर अधिक ध्यान देने के बजाए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि छोटी बातों से जीवन को बदला जा सकता है। उन्होंने उद्यम, साहस, धैर्य, विद्या, बुद्धि को अपने विकास के लिए आवश्यक बताया और कहा कि विकास व सफलता के लिए व्यक्ति को हां और ना कहने के विवेक को विकसित करना चाहिए। इससे आत्मविश्वास बढता है और व्यक्तित्व का विकास संभव होता है।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में समागत केन्द्रीय वित्तमंत्री की सहयोगी डा दीवा जैन ने युवाओं को अद्भत शक्ति सम्पन्न बताते हुए कहा कि एकाग्रता व पुरूषार्थ फर्श से अर्श तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने विश्वव्यापी तनाव की समस्या से राहत पाने के लिए समय-प्रबंधन को महत्वपूर्ण माना और साथ ही प्रेक्षाध्यान के अभ्यास को एकाग्रता बढाने और तनाव से मुक्ति पाने का माध्यम बताया तथा कहा कि वे स्वयं प्रेक्षाध्यान का अभ्यास करती हैं। दीवा ने जीवन में परिवर्तन लाने के लिए अभ्यास जरूरी बताया और कहा कि कुछ भी विपरीत होने की स्थिति में निराश नहीं होना चाहिए। हार जाने पर भी उठकर वापस लगन से लग जाना चाहिए। उन्होंने आचार्य तुलसी के सूत्र सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, राष्ट्र स्वयं सुधरेगा को अपनाने की सलाह दी।

लक्ष्य तय कर सफलता का रास्ता स्वयं बनाएं :

कार्यक्रम में कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने अध्यक्षता करते हुए अपने सम्बोधन में दूसरों पर किसी प्रकार का दोषारोपण करने के बजाए अपनी कमजोरियों को स्वीकार करते हुए उन्हें सुधारने के प्रयास करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से भीड़ का अनुकरण करने के बजाए अपना रास्ता स्वयं बनाने की आवश्यकता बताई और कहा कि अपना लक्ष्य तय करके अपना रास्ता खुद ही बनाएं।

जैन विश्व भारती के पूर्व अध्यक्ष डा धर्मचंद लूंकड़ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जैन विद्या एवं तुलनात्मक धर्म व दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो आनन्दप्रकाश त्रिपाठी ने अतिथि परिचय व स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो दूगड़ ने मुख्यवक्ता राजकुमार नाहटा को प्रशस्ति पत्र, साहित्य, शॉल और पुष्पगुच्छ प्रदान करके सम्मानित किया। प्रो रेखा रिवाड़ी ने डा दीवा जैन का सम्मान किया। डा मनीषा जैन के मंगलाचरण से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। अंत में प्रो शिलेन्द्र कुमार जैन ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजकुमार चैरड़िया, निरंजन जैन एवं अन्य प्रमुख लोग, संकाय सदस्य व सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

राइजिंग राजस्थान गलोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 से संबंधित कार्य 10 अक्टूबर तक करवाए जायेंगे पूर्ण

जेडीसी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें समस्त प्रकोष्ठों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने प्रकोष्ठों का प्रेजेंटेशन दिया गया।

बैठक में जेडीए सचिव डॉ निशांत जैन समस्त निदेशकगण, समस्त अतिरिक्त आयुक्त गण, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक, समस्त उपायुक्त उपस्थित थे। अन्य संबंधित अधिकारी ऑनलाईन बैठक में जुडे। बैठक में बताया गया कि जविप्रा को 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व नीलामी के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। जोन कार्यालयों से नीलामी के प्रस्ताव अपेक्षित है, जिससे जविप्रा की आय में वृद्धि हो सकेगी। जेडीसी द्वारा सेक्टर व्यावसायिक भूखण्डों, मुख्यतः जोन.09, 10 व 11, रिंग रोप परियोजना में नीलामी हेतु उपलब्ध भूखण्डों का चिन्हिकरण किया जाकर नीलामी में रखे जाने के निर्देश दिये। जोन-10 में गोविंदपुरा योजनाए जोन-11 स्थित चित्रौंता में वेयर हाउस योजनाए जोन-12 स्थित जयरामपुरा में ईको-फ्रेंडली फार्म हाउस स्कीम 292 भूखण्ड स्कीम, नाहरी का बास, जोन-14 स्थित कैनाणपुरा में खोखावास में नई स्कीम लांच करने के निर्देश दिये।

लाईट्स प्रकरणों कोर्ट कैसेज का निस्तारण त्वरित गति से करने एवं इससे संबंधित प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग कर पेन्डेन्सी शून्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं को संबंधित प्रकरण के बारे में सुनवाई से पूर्व विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने हेतु संबंधित प्रकोष्ठ के ओआईसी को निर्देश दिए, जिससे निर्णय जेडीए के पक्ष में पारित हो। इसके पश्चात कोर्ट निर्णय उपरांत तत्काल प्रभाव से यथा अनुकूल कानूनी कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमों/ आदेशों की जानकारी से पूर्णतया अवगत होने के पश्चात ही अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा पत्रावलियों पर टिप्पणी अंकित की जाये। जेडीसी ने जोन लिपिक स्तर पर पत्रावलियां अनावश्यक रूप से एक . दूसरे को प्रेषित की जाती रहती हैं। इस प्रवृत्ति को रोके जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त उपायुक्तों को अपने अधीनस्थ स्टाफ से अतिरिक्त प्रयास करते हुए उच्च कुशलता के साथ कार्य करवाने के निर्देश दिये। बैठक में आयोजना शाखा के अधिकारियों को बीपीसी एपली/ बीपी से संबंधित समस्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी आयोजित होने वाली बैठक से पूर्व निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में संबंधित आवेदकों से आवश्यक पत्राचार करने के भी निर्देश दिऐए जिससे प्रकरण शीघ्र निस्तारित किये जा सकेंगे। जोन में सहायक नगर नियोजकों द्वारा मास्टर प्लान में पत्रावलियां अनावश्यक रूप से प्रेषित नहीं की जायेंगी। किसी प्रकार के मार्गदर्शन वांछित होने पर मास्टर प्लान में स्वयं जाकर मार्गदर्शन प्राप्त कर पत्रावली का नियमानुसार तत्काल रूप से निस्तारण किया जाये। इस कम में जेडीसी द्वारा विदेशक आयोजना को आदेश जारी करने के निर्देश दिये गये। जेडीसी द्वारा विदेशक अभियान्त्रिकी को शहर में चल रहे मुख्य प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता तय करते हुए पश्चात प्लान बनाने हेतु निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से संबंधित कार्य को त्वरित गति एवं गुणवत्तापूर्वक प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

सभी जोन उपायुक्तों को अपने-अपने जोन में लैण्ड बैंक की सूचना 30 सितम्बर, 2024 तक भिजवाने के निर्देश दिये। जोन उपायुक्त इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त हैं एवं उनके द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से संबंधित मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये।

राकेश खर्रा मैनेजर होटल रेडिसन ने नया सवेरा के बच्चों की जानी दिनचर्या

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर में स्थित नया सवेरा सोसायटी के अनाथ बच्चों के साथ राकेश खर्रा मैनेजर होटल रेडीसन जयपुर सिटी ने राजबीरए वेढांगु ने पूरा दिन व्यतीत कर उन्हें उपहार देकर जानी दिनचर्या। राकेश खर्रा अपने साथियों के साथ निर्वाण नगर के नया सवेरा सोसायटी के बच्चों से मिले उन्हें उपहार देकर उनके साथ कुछ वादगार पलों संजोया। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने आभार प्रकट किया।

कालूवास की बेटी जोनी कायत बनी एशियन चैंपियन

परिष्कार पत्रिका

भिवानी। 28 अगस्त से 8 सितंबर तक दुबई के आबुधाबी में आयोजित हुई जुनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज व गांव कालूवास की बेटी जोनी कायत ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोच नवीन बल्हारा फुटी ने बताया कि मुक्केबाज जोनी ने फाईनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की मुक्केबाज जोकि पूर्व एशियन व वर्ल्ड चैंपियनशिप की बैस्ट बॉक्सर को हरा कर एशियन चैंपियन बनी। एशियन चैंपियन जोनी का क्लब प्रांगण में पहुंचने पर खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। पिता राजेश कायत ने कहा कि लाडली जोनी ने एशियन चैंपियन बन कर गांव, क्लब, देश, प्रदेश व परिजनों का नाम पूरे वर्ल्ड में रोशन किया है हमें अपनी बेटी पर गर्व है। इस अवसर पर क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच बंटू, जोगेन्द्र कायत, राजेश कायत, मनजीत अहलावत, सैरसिंह खेवाल, समाजसेवी सुनील लीला, सरपंच आशीष बैनिवाल, पूर्व सरपंच राकेश बैनिवाल, पूर्व पार्षद संदीप मारझान, विकास पंघाल, राजेश बैनिवाल, डा मनफूल खेवाल, मा अजय सुहाग, जितेन्द्र बैनिवाल, राजेश मिड्ढा, श्याम सारसर, सरपंच कुलदीप चाहर, ओमबीर बैनिवाल, मोनू वर्मा, विकास बैनिवाल, धर्मबीर बुहन, मनजीत सांगवान फौजी, सतवेन्द्र सांगवान, अंतरराष्ट्री कब्बड्डी खिलाड़ी सोमबीर सिवाच, जितेन्द्र बैनिवाल, भूपेन्द्र खेवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीण लीली, संजय लीली, ज्योति खेवाल, मिनाक्षी, विजेन्द्र सिवाच, बॉक्सिंग सचिव शशिकांत, अशोक सुरा, लाला सुरा, अमित बैनिवाल, राहुल कौशिक, रिंकु, दीपक सुथार समेत अनेक खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

मोहल्लों में घर-घर जाकर स्वयंसेविकाओं ने किया स्वच्छता के लिए जागरूक

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जैन विश्व भारती संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत एनएसएस की स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों ने यहां आसपास के मोहल्लों के निवासियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं एवं स्वयंसेवकों ने शहरिया बास, रामदेव मंदिर, उत्तराक्षा जाटों का बास के आसपास के घरों में जाकर स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक एवं इकाई प्रथम प्रभारी डॉ आभा सिंह तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ बलबीर सिंह स्वयंसेवकों के साथ स्वयं उपस्थित रहे और उनका मार्गदर्शन किया।

हर व्यक्ति में छिपी है एक अद्भुत शक्ति

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आपके अंदर बड़े से बड़ा बनने की शक्ति है, परंतु जब तक उसको विकसित नहीं किया जाता, वह निष्क्रिय रहती है। कुछ पेड़-पौधों को मसलने पर खुशबू पैदा होती है। इसी प्रकार कुछ मनुष्य संकट पड़ने पर ही चमकते हैं, जो उनके जीवन को महान बना देता है। ऐसे मनुष्यों के जीवन का अधिकतर समय यूं ही बीत जाता है। अचानक फिर कोई ऐसी घटना घट जाती है, जिससे उनकी शक्ति फिर जाग्रत हो जाती है और उनकी प्रतिभा जाग उठती है। अब्राहम लिंकन को राष्ट्रपति तथा ग्रांट को महान सेनापति अमेरिका की घरेलू लड़ाई ने ही बनाया। ग्रांट चालीस वर्ष का हो गया था पर उसको घर के लोगों के अलावा कोई नहीं जानता था। वह खुद भी अपनी शक्तियों से अनजान था। उसके या उसके कुटुंब के किसी भी आदमी के दिल में यह विचार नहीं आया कि वह एक अच्छा सेनापति बन सकता है। किसी को भी यह जानकारी नहीं थी कि अमेरिका के पहले राष्ट्रपति के बाद वह दूसरा आदमी होगा, जो अमेरिका का भाग्यविधाता बनेगा। ग्रांट बीए तक एक सामान्य विद्यार्थी रहा। जब वह बत्तीस वर्ष का हुआ तो उसको अयोग्य मानकर नौकरी से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया गया। वहां से नौकरी छोड़कर वह करटम हाउस में नियुक्त हुआ, लेकिन वहां भी उसे नौकरी से निकाल दिया गया। तद्पश्चात स्टोरकीपर की नौकरी मिली। इसके बाद ट्रेनर, परंतु उसे कहीं भी सफलता नहीं मिली। फिर एक दिन अमेरिका में ऐसे चमक उठा कि उसे देश का महान सेनापति बना दिया गया। अमेरिका की घरेलू लड़ाई ने उसे झकझोर दिया और सीधे उसके अंदर के महान सेनापति को जगा दिया। उसकी कार्यक्षमित एवं कुशलता व प्रभाव देखकर सारा संसार चकित रह गया। दरअसलएवं आपके अंदर बड़े से बड़ा बनने की शक्ति है, परंतु जब तक आप उसको विकसित नहीं करते तब तक वह बीज की भांति निष्क्रिय पड़ी रहती है। **पीपी**

परिष्कार पत्रिका समाचार पत्र

सामाचार पत्र में प्रकाशन के लिए या परिष्कार न्यूज में प्रसारित करने के लिए अपने क्षेत्र की खबरें, संदेश, श्रद्धांजली, व्यक्तिगत परिचय, विज्ञापन के लिए मिलें या सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
फोन नं. 0141-2450128
मो. नं. 9314407796, 9351311820

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर

राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में जयपुर की अनामिका का चयन, प्रदेश से पांच चयनित

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में राजस्थान के 5 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ जिसमें जयपुर जिले से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर की बाल वैज्ञानिक अनामिका यादव का चयन हुआ। संस्था प्रधान अनु चौधरी एवं मेंटर टीचर लक्ष्मण सिंह सीनियर के मार्गदर्शन में चैन सैचिंग एवं महिलाओ के साथ हो रहीं छेड़छाड़ जैसी घटनाओ से निजात पाने के लिए लाइव ट्रेकिंग सिस्टम व अलार्म से लैस स्टिक का निर्माण किया। बाल वैज्ञानिक की इस सोच को आईआईटी भेजकर और बेहतर बनाकर पेटेंट कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में देशभर के कुल 350 बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में भाग लिया बताया गया कि हर साल 60 बाल वैज्ञानिकों का चयन होता है लेकिन इस साल 31 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है जिसमें लगभग 15 विद्यार्थियों को जापान की यात्रा करवायी जायेगी। विद्यालय परिवार की तरफ से छात्रा का स्वागत किया गया और आगे राष्ट्रपति भवन में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के हेतु शुभकामनाएं दीं।

नेशनल स्टेम प्रोग्राम में शामिल प्रभारी शिक्षक व दो छात्रों का किया सम्मान

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। बेंगलुरु में आयोजित नेशनल स्टेम लर्निंग व क्विजियो प्रोग्राम में राज्य का प्रतिनिधित्व कर लौटे महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल मानसरोवर जयपुर के प्रभारी शिक्षक लक्ष्मण सिंह सीनियर, आठवीं कक्षा के छात्र शौर्य श्रीवास्तव एवं तेजस का पगड़ी पहनकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। प्रभारी शिक्षक व दोनों छात्रों ने स्टेम प्रोग्राम के अनुभव साझा किया। प्रभारी शिक्षक सीनियर ने प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल के प्रदर्शन की सराहना की। प्रधानाचार्य अनु चौधरी के छात्र शौर्य श्रीवास्तव व तेजस, प्रभारी शिक्षक वरिष्ठ अध्यापक लक्ष्मण सिंह सीनियर को प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत करते हुए स्कूल के राष्ट्र स्तर पर प्रतिनिधित्व करने को उपलब्धि बताई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में लक्ष्मण सिंह सीनियर ने सभी का आभार प्रकट किया।

एमएनआईटी जयपुर ने किया बुड्थल और डाब के नाला गांव में स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत एमएनआईटी जयपुर द्वारा गोद लिए गॉव बुड्थल एवं डाब के नाला में राजकीय स्कूलों के बच्चों के साथ मिल कर स्वच्छता अभियान के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया था। साथ ही ग्रामीण महिलाओं में सेनेट्री पैड भी बांटे गए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य के अलावा सरपंच प्रहलाद भी उपनब्ध रहे।

एमएनआईटी के तरफ से उन्नत भारत अभियान के संयोजक डॉ नीरजा सारस्वत ने दोनों गांवों के बच्चों के साथ मोटिवेशनल बातचीत किया है। तथा ग्रामीण महिलाओं के बीच उंसके स्वास्थ्य की चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के तरफ से डॉ निधि शर्मा, डॉ प्रियंका हरजुंले, डॉ उत्तम सिंह, डॉ रामेश्वर, बिरेन्द्र पांडेय, कुशाग्र शर्मा तथा विद्यार्थियों में राहुल, निखिल, नेहा, सार्थक, केशव, वैर्य आदि मौजूद रहे। विक्ज प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थी खुशी मीना, टीटू एवं चंद्रमुखी चितेरा रहीं। शिक्षा मंत्रालय प्रमुख कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान राष्ट्रीय सेवा-शिक्षण से जुड़ा है। जिसमें ग्रामीण विकास में संस्थानों को जुड़ने और उनके उन्नति के लिए पहल है। इसका उद्देश्य है उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से ग्रामीण विकास प्रक्रिया को बेहतर करना। यह अभियान साल 2014 से चल रहा है। तब से यह लगातार शिक्षण संस्थानों और गांवों के बीच के अंतर को कम करने, ग्रामीण परिवेश के लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह अभियान ग्रामीण परिवेश के छात्रों को शिक्षा क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान कर रहा है। एम एनआईटी अपने उच्च तकनीकी एवं ऊर्जावान मेधावी विद्यार्थियों के माध्यम से ग्रामीण जीवन में खुशहाली लाने का काम कर रहा है। यूबीए टीम समय समय पर ग्रामीणों के बीच पहुंच उनके समस्याओं के हिसाब से योजना बना कर विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

केंद्रीय विद्यालय सवाई माधोपुर में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया,

राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने विजेता स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। केंद्रीय विद्यालय सवाई माधोपुर में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, सवाई माधोपुर की ओर से अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा एवं उनकी टीम ने स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन करवाया। कार्यक्रम संयोजक जीपी मीणा, मुकेश कुमार शर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसके बाद प्रतियोगिताओं में मूल्यांकन कर कक्षावार प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता प्रतिभागी निश्चित किए गए। निबंध लेखन में कक्षा नवीं से निशा मीणा, सृष्टि शर्मा, नव्या चौधरी, दसवीं कक्षा से अग्रिम शर्मा, अविका मीणा, नैतिक शर्मा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छठवीं के प्रतीकर्ष मनरवी, रितेश एंव सातवीं से राजीव शर्मा, शिवांश, आराध्य शर्मा और चित्रकला में गोविंद, हिना, युवराज सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रदूषण नियंत्रण मंडल क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीना व विद्यालय प्रिंसिपल राजेश सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए किया प्रेरित: मंडल क्षेत्रीय अधिकारी और विद्यालय प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों व समस्त शिक्षकों को प्रदूषण पर नियंत्रण करने और प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर कार्यक्रम में प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्यालय के राजकुमार गुर्जर कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता रविंद्रकुमार मनोरिया लेखाधिकारी, आकांक्षा शर्मा कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं धर्मराजमीणा कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में अल्पाहार और कपड़े के बैग वितरित किए गए।

हालात बदलने पर भी हम न बदले

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

प्रतिकूल हालात में खुद को साधें और स्विर रखने के लिए अपने मन को नियंत्रित रखना होगा।

जिंदगी को मापने की बहुत सी कसौटियां हैं, जिनमें प्रतिकूलताएं और कठिनाइयां प्रमुख हैं। इन दो स्थितियों में जब तो आदमी का मानसिक विकास हो जाता है या वह निराशा में डूब जाता है। आपकी इच्छा हो या न हो, विक्कतों, परेशानियों को आना ही है। जब हम सुखी, सुविधा-संपन्न और बेफिक्र रहते हैं तब हम कुछ और ही होते हैं। हम सबको अच्छे लगते हैं, सब हमको अच्छे लगते हैं। लेकिन जैसे ही जिंदगी में दुःख, परेशानी, समस्याएं आती हैं, हम बेचैन होने लगते हैं और कभी-कभी क्रोध में भी आ जाते हैं। कई लोगों की सोम्यता चिड़चिड़ेपन में बदल जाती है। हालात बदले और हम बदल गए। विचार करें कि हम क्यों बदल जाते हैं? जिनके पास सबल विचार हैं, वे कठिनाइयों में भी नहीं बदलते और निर्बल विचार वाले तत्काल पलटी मार जाते हैं। प्रतिकूल हालात में भी हम शांत, संतुस्ति और स्विर रहें, इसके लिए क्या किया जाए? अध्यात्म कहता है दो काम करें- प्रबल इच्छाशक्ति बनी रहे और धैर्य न छोड़ें। इन दोनों बातों को मूल स्वभाव बना लें तो फिर स्थिति अनुकूल हो या प्रतिकूल आपकी मौलिकता, मस्ती कभी समाप्त नहीं होगी। जिन्हें धैर्य साधना हो और इच्छाशक्ति को प्रबल रखना हो उन्हें सांसों को नियंत्रित करना आना चाहिए। नियंत्रित सांस मन को अंकुश में रखती है और मन यदि पकड़ में है तो वह व्यक्तित्व को सबल से निर्बल बनाने में सफल नहीं होता है। सांसों के नियंत्रण के लिए प्रतिदिन कुछ समय प्राणायाम करें। नियमित प्राणायाम करने वाले हालात बदलने पर कमजोर साबित नहीं होंगे क्योंकि हर सांस उनके साथ होगी और वह भी पूर्ण नियंत्रण के साथ। नियंत्रित सांस अपने आप में ताकत है। **रवि**

PRIME TRACK



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार